क्या आपके गली मोहल्ले में ऐसा कोई जरूरतमंद छात्र है जो स्कूल की फीस नहीं दे सकता, वह छात्र सांय 5 बजे से 6 बजे तक सिटी मीडिया अखबार बांटकर 3 से 4 हजार रूपये मासिक कमा कर अपनी पढ़ाई का खर्च निकाल सकता है।
संपर्क करें-
94165-33033

खबरें छुपाता नहीं छापता है | अंबाला का नं. 1

# सिटी मीडिया

सांध्य दैनिक | छात्रों की सहायता ही सिटी मीडिया का उद्देश्य

क्या आप जानते है
अंबाला में 100 से अधिक छात्र सिटी मीडिया बांटकर अपनी पढ़ाई कर रहे है। मासिक 40 रुपये में से 20 रुपए इन्हीं बच्चों को दिए जाते है। आप भी सिटी मीडिया अखबार लगवाकर अपना सहयोग दें।
94165-33033


AJAY CHAWLA
SATYAM PROPERTIES
ALL KIND OF PROPERTIES
FOR SALE & PURCHASE
NEAR MANAV CHOWK
AMBALA CITY 93310-44444
8/3-7/4

SHIVAM PROPERTIES
ALL KIND OF PROPERTIES
FOR SALE & PURCHASE
AMBALA CITY
1/236 Opp. Sec- 9 Ambala City, AYUSH GROVER (GINNI) 92152 -33333
25/2-24/3

R.N.I.No.71215/98 ♦वर्ष : 28 अंक : 256 शनिवार, 21 मार्च 2026 ♦ मूल्य :1.50 रुपये (मासिक 40 रुपये) E-mail:citymedia1@gmail.com/ Website : www.citymediaambala.com / City Media Office Manav Chowk,Ambala /City 94165-33033

## सोडे के जसवीर ने की आत्महत्या तीन पर मुकदमा दर्ज

अंबाला (सिटी मीडिया) अंबाला शहर के गांव सोडा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां आर्थिक और मानसिक दबाव के चलते एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जसवीर के रूप में हुई है, जो पेशे से ठेकेदार था और राजमिस्त्री का काम करता था। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



**प्राप्त जानकारी के अनुसार, जसवीर को हाल ही में शटरिंग का एक ठेका मिला था, जिसे पूरा करने के लिए उसे तीन महीने का समय दिया गया था। काम के लिए इंतजाम के चलते उस पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि शटरिंग से संबंधित किराया प्रतिदिन बढ़ रहा था,** जिससे जसवीर काफी परेशान रहने लगा था। काम का दबाव और बढ़ते खर्चों ने उसकी मानसिक स्थिति पर गहरा असर डाला। बताया जा रहा है कि बीते दिन इसी तनाव के चलते जसवीर ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। **जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी मिली, उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। मृतक जसवीर अपने पीछे माता, पत्नी और दो बेटों को छोड़ गया है।** इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि इन लोगों की वजह से ही जसवीर पर दबाव बना और वह यह कदम उठाने को मजबूर हुआ। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए।

## 23 को हजारो किसान जाएंगे पीपली रैली में-चढ़ूनी

अंबाला (सिटी मीडिया) पीपली 23 मार्च को पीपली में प्रस्तावित रैली को लेकर किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। संगठन की ओर से विभिन्न क्षेत्रों के किसानों, मजदूरों और व्यापारियों को निर्धारित स्थानों पर एकत्रित होने के निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि रैली को सफल बनाया जा सके।

**यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि साहा, शहजादपुर और नारायणगढ़ बेल्ट के सभी साथी सुबह ठीक 9 बजे केसरी-बजीदपुर अड्डे पर इकट्ठा होंगे। यहां से सभी लोग संगठित होकर आगे रैली स्थल के लिए रवाना होंगे। वहीं, बराड़ा और मोहड़ा क्षेत्र के साथियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे सुबह 9 बजे शाहबाद ओवरब्रिज पार कर पेट्रोल पंप के पास एकत्रित हों।** किसान यूनियन का कहना है कि इस रैली में बड़ी संख्या में किसानों के साथ-साथ मजदूर और व्यापारी वर्ग भी हिस्सा लेंगे। संगठन का दावा है कि यह रैली किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर आयोजित की जा रही है, जिसमें सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। यूनियन ने प्रशासनिक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए भी अपनी रणनीति तैयार की है। संगठन के नेताओं ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा रास्ते में बेरिकेडिंग की जाती है या प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की जाती है, तो सभी साथी सीधे पीपली अनाज मंडी में पहुंचें।

**इसके लिए वैकल्पिक मार्गों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। किसान यूनियन (चढ़ूनी) के पदाधिकारियों ने कहा कि रैली को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील की है कि वे एकजुट रहकर अपनी मांगों को मजबूती से रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। रैली को लेकर ग्रामीण इलाकों में भी सक्रियता बढ़ गई है।** विभिन्न गांवों में बैठकों का दौर जारी है, जहां लोगों को रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यूनियन का मानना है कि इस आयोजन से किसानों की आवाज को मजबूती मिलेगी और सरकार पर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए दबाव बनेगा। पुलिस और प्रशासन भी इस रैली को लेकर सतर्क नजर आ रहा है।

अलंकार
गर्मी से पहले गर्मी की तैयारी
कम कीमतों पर कर लो AC की खरीददारी
Mitsubishi Heavy Duty | Lloyd
Voltas | Hitachi
IFB | Daikin | Godrej
0% Finance
आकर्षक Exchange Offer
▸ Main Road, Prem Nagar, Ambala City 70561-11114
▸ Opp. Jain Girls School,Rai Market, Ambala Cantt. Cont- 70272-11122
15/2-14/3

## 25 मार्च को लगेगी टेलीफोन अदालत

**अंबाला (सिटी मीडिया)** सहायक महाप्रबंधक ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि अम्बाला दूरसंचार जिले के अन्तर्गत आने वाले सभी दूरभाष केन्द्रों के उपभोक्ताओं की टेलीफोन सेवाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई तथा शिकायतों को यथासंभव तुरन्त निपटाने के उद्देश्य से अम्बाला में उपभोक्ताओंकी सुविधा के लिए टेलीफोन अदालत तथा खुला दरबार का आयोजन दिनांक 25 मार्च 2026 दिन बुधवार को 11.00 बजे कार्यालय महाप्रबंधक दूरसंचार जिला अम्बाला में किया जाना है। इस अदालत मे उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों का निपटारा महाप्रबंधक दूरसंचार जिला अंबाला द्वारा किया जाएगा।

GREEN VATIKA
PLAY SCHOOL
A unit of Nav Bharat Middle School (Permanent Recognised)
ADMISSION OPEN 2026-27
PLAYGROUP-NURSERY TO CLASS 8TH
SAFE CAMPUS/ AC CLASSROOMS/ CCTV CAMERAS/ ACTIVITY- BASED LEARNING/ EXPERIENCED TEACHERS/ SPACIOUS PLAY AREA
A HAPPY, SAFE & PLAYFUL ENVIRONMENT FOR YOUR CHILD
Durga Nagar, Behind Punjab National Bank, Ambala City
DIRECTOR (94162-25129) ADMISSION INQUIRY (74047-99949, 74047-99947)
17/3-16/3

DR. NUPUR MITTAL
(MBBS, MRCGP, D GERIATRIC, D DIABETES, DRCOG, DFSRH, BMS)
DIABETES & ENDOCRINOLOGY CLINIC
डा. नूपुर पिछले 21 सालों से इग्लैंड में सेवांए दे रही थी अब अंबाला शहर में
LATEST TEREATMENT FOR ALL TYPES OF (शुगर) DIABETES AND ENDOCRINOLOGY PROBLEMS PCOS. ALL AGE GROUPS AS WELL
BADA THAKUR DWARA, NEAR JP HOSPITAL: 9996212127
23/2-22/3

SINCE 2006
GOEL EDUCATION WORLD
(Neetu Goel Chemistry Coaching Center for 11th & 12th)
- - - Offers - - -
"Coaching for Class 9th & 10th"
(Science & Mathematics)
FOCUS
Building a Strong Foundation in Science and Mathematics
FACULTY
Classes are Led by Experienced Educators for eachstream including Mrs. Neetu Goel (Specialization in Chemistry) with Comprehensive Study Material
ENROLL NOW &
ACHIEVE YOUR GOAL
WITH GOEL'S

D.S.S. 107, SECTOR 9, HUDA SHOPPING COMPLEX, AMBALA CITY. 97298-90300

VISHVAS PUBLIC SCHOOL
(A unit of Vishvas
Affiliated to CBSE (Affiliation No.:- 532093)
SPECIAL CONCESSION on First 30 Admissions & Single Girl Child
FREE ADMISSION
For Pre Nursery, Nursery & L.kg
Sector-10, Ambala City
Admissions Enquiry : 7206883300, 7206882200, Ph.: 0171-
27/2-26/3

AC ही AC
1.5 Ton Split Inverter AC
19,990/-* Only
onward Under Exchange
Godrej | LLOYD | VOLTAS | IFB
Haier | HITACHI | DAIKIN
ARVIND ELECTRONICS
90503-00786
20/2-19/3

NAUKRI GRANTED
नौकरी - सरकारी एवं प्राइवेट
फैक्ट्री / ऑफिस में नौकरी उपलब्ध
जमीन, खेतीबाड़ी, फैक्ट्री, कोठी, शोरूम खरीदने और बेचने के लिए संपर्क करें
ROYAL PROPERTY CONSULTS
BALDEV NAGAR TO PANJOKHRA SAHIB ROAD
Cont: 70155-85564, 81686-15530
6/3-5/4

SAI LAP PREPARATORY SCHOOL
Govt. Recognized
ADMISSION OPEN
APPLY Now: 2026-2027
▸ Easy Study Method ▸ Ac Class Rooms
▸ Dance Class & Music Activity Room
▸ Children Are Treated Like Mother
▸ Transport, Watercooler With Aqua Guard
▸ Field To Play Facility Available
▸ Specious Class Room With Natural Light & Ventilation
▸ All Above Things Are On Affordable Fee Structure
Mangla Colony, Parshuram Nagar, Jalbera Road
A/City: 94660-34172
9/3-8/4

VISHWAS International
"Creating Transparent Border"
FUNDS ASSISTANCE | GAP ACCEPTED
NO INTERVIEW | LOW IELTS/PTE ACCEPTABLE
Intake:- JAN. 2026 APPLY NOW
BRANCHES
DELHI | NAWANSHAHR | JALANDHAR | ISMAILABAD | UK
NARWANA | MATHERI | PEHOWA | BARARA | SHAHBAD
# 44/1, New Shopping Complex, Jagadhri Gate, Ambala City - 7710-380-380
24/2-23/3

## मंत्री भुल्लर का नाम लेकर अफसर ने किया सुसाइड

चंड़ीगढ़ (सिटी मीडिया) पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के परिवहन मंत्री लालजीत भुल्लर का नाम लेकर अमृतसर वेयरहाउस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। उट ने मरने से पहले 12 सेकेंड का वीडियो जारी किया। इसमें कहा- खा ली सल्फास, मिनिस्टर लालजीत भुल्लर के डर से, अब मैं नहीं बचता। ॰ । ट । । चलते ही उट भगवंत मान ने मंत्री भुल्लर से इस्तीफा ले लिया। मामले की जांच चीफ सेक्रेटरी केएपी सिन्हा को सौंप दी गई है। वहीं, मंत्री लालजीत भुल्लर ने कहा कि आरोप झूठे हैं। जांच प्रभावित न हो, इसलिए मैंने पद छोड़ा है। अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला और पूर्व अकाली मंत्री बिक्रम मजीठिया ने कहा- फूड कॉपोर्रेशन ऑफ इंडिया ने वेयरहाउस बनाया था। वेयरहाउस कॉपोर्रेशन इसकी नोडल एजेंसी थी। मंत्री लालजीत भुल्लर ने अपने पिता के नाम पर टेंडर अप्लाई किया था। आरोप है कि जब पॉलिसी के हिसाब से मंत्री के पिता को टेंडर नहीं मिला तो घर बुलाकर अफसर से मारपीट की।

## राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने पर विधायक जरनैल सिंह को भी नोटिस

हरियाणा राज्यसभा चुनाव में कई कांग्रेसी विधायकों की तरफ से क्रॉस वोटिंग के बाद पार्टी में खूब गहमागहमी का माहौल है। आखिरकार कांग्रेस ने रतिया के विधायक सरदार जरनैल सिंह को भी क्रास वोटिंग करने के आरोप में कारण बताओ नोटिस थमा दिया है। जरनैल सिंह समेत पार्टी अब तक पांच विधायकों को नोटिस दे चुकी है। इनमें नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी, सढौरा की विधायक रेणुबाला, पुन्हाना के विधायक मोहम्मद इलियास और हथीन के विधायक मोहम्मद इसराइल शामिल हैं। सभी को नोटिस मिलने पर सात दिन के भीतर जवाब देना होगा। हालांकि विधायकों ने क्रास वोटिंग के आरोपों को खारिज कर दिया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा चुनाव के बाद से पांच विधायकों के क्रास वोटिंग करने की बात स्वीकार कर रहे थे।